>

Title: Need to allocate special grant for the development of the Shravasti Constituency of U.P.

श्री राम शिरोमणि (श्रावस्ती): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश के उन सभी अति पिछड़े 8 जिलों, जिनके अंतर्गत हमारा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती, बलरामपुर भी आता है, की तरफ दिलाना चाहता हूं । इन जिलों में आजादी के 70 वर्षों के बाद भी विकास कहीं दूर-दूर तक दिखाई नहीं देता है । यहां के गरीब, किसान व बच्चे आज भी मूलभूत सुविधाओं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, टेलीफोन, विद्युत, सड़क, आदि से वंचित हैं । नेपाल बार्डर से सटे हुए सुदूर तराई इलाके में थारू जनजाति रहती है, जो अभी भी विकास की मुख्य धारा से नहीं जुड़ पाई है ।

महोदय, इस क्षेत्र में कोई भी अस्पताल नहीं होने के कारण यहां के मरीजों को अपने इलाज हेतु लगभग 150-200 किलोमीटर की यात्रा तय करनी पड़ती है । इससे इनकी माली हालत पर असर पड़ता है । इसके साथ ही उन्हें अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है । इस क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल की सिंचाई के लिए सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिलता है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के लोग विकास की मुख्य धारा से जुड़ जाएं, इसके लिए विशेष अनुदान राशि आबंटित की जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।